>

Title: Need to provide stoppages for important trains in Bethra Road and Rewati Railway Stations in Salempur Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक गंभीर मामला सदन के समक्ष लाना चाहता हूं और मुझे लगता है कि रेल मंत्रालय हमारे क्षेत्र में जब तक दो चार लोगों की हत्या करा लेगा, तभी होश में आएगा। बलिया जनपद सबसे पहले आज़ाद हुआ। रेवती रेलवे स्टेशन पर हजारों जनता ट्रेन रुकवाने के लिए दो बार धरना कर चुकी है और बीसों बार प्रदर्शन कर चुकी है लेकिन रेल मंत्रालय को मैं भी लिखते लिखते थक गया हूं लेकिन रेल मंत्रालय सुन नहीं रहा है। छपरा-दुर्गसारनाथ एक्सप्रैस, सियालदाह एक्सप्रैस का ठहराव, बलिया वाराणसी पैसेंजर ट्रेन का छपरा तक विस्तार, इंटरसिटी एक्सप्रैस का रेवती में ठहराव होना चाहिए और इंटरसिटी जैसी ट्रेन रोक नहीं पा रहे हैं और प्लेटफॉर्म इतना नीचे है कि चढ़ने पर रोज यात्री गिर रहे हैं। इसी तरह से सलेमपुर में गोदान-दुर्ग-पुणे और बापूधाम एक्सप्रैस के ठहराव के लिए जनता आंदोलित है। इसी तरह से बेलथरा रोड रेलवे स्टेशन पर बापूधाम सुपरफास्ट एक्सप्रैस, शालीमार और गोरखपुर-पुणे एक्सप्रैस के लिए जनता रोज प्रदर्शन तथा धरना कर रही है कि येरा रेलवे स्टेशन पर वाराणसी-गोरखपुर इंटरसिटी ट्रेन के ठहराव के लिए जनता आंदोलन कर रही है और फिर अल्टीमेटम लोगों ने दिया हुआ है। दो दो बार रेलवे अधिकारियों ने यहां चिट्ठी भी भेजी कि हम जल्दी से जल्दी ट्रेन रुकवा देंगे लेकिन कैसा दुर्भाग्य है कि रेल मंत्रालय हमारे क्षेत्र को कुछ भी नहीं दे रहा है। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि कम से कम जो ट्रेन नजदीक से चलती हैं, उन ट्रेन को क्यों नहीं रुकने दिया जाता? मैं सरकार से मांग करता हूं कि जनता आंदोलित है, मैं भी जनप्रतिनिधि हूं और मुझे भी कहीं इसमें शामिल न होना पड़े, इसलिए आप जल्दी से जल्दी इन उपर्युक्त ट्रेन्स का ठहराव कराने की व्यवस्था करें।